प्रधानमंत्री का राजस्थान दौरा

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **प्रधानमंत्री ने राजस्थान** का दौरा किया, जहाँ वे जोधपुर स्थित उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित **राजस्थान उच्च न्यायालय की प्लेटिनम जयंती समारोह** के समापन समारोह में **मुख्य अतिथि** थे।

मुख्य बिंदु

- **राज्य न्यायपालिका में एक उच्च न्यायालय और** अधीनस्थ न्यायालय **शामिल हैं। भारत में उच्च न्यायालयों की स्थापना वर्ष 1862 में बॉम्बे, कलकत्ता एवं मद्रास में की गई थी।**

- भारत का संविधान प्रत्येक राज्य के लिये एक उच्च न्यायालय का प्रावधान करता है, लेकिन संसद दो या अधिक राज्यों के लिये एक सामान्य उच्च न्यायालय की घोषणा कर सकती है।

  उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या भारत के राष्ट्रपति द्वारा तय की जाती है, संसद द्वारा नहीं।

  उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति:

  - **संविधान का अनुच्छेद 217:** इसमें कहा गया है कि किसी **उच्च न्यायालय के न्यायाधीश** की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा **भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI), राज्य के राज्यपाल** के परामर्श से की जाएगी।
  - मुख्य न्यायाधीश के अलावा किसी अन्य न्यायाधीश की नियुक्ति के मामले में **उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया जाता है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-visit-to-rajasthan